## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत कथा का हुआ भव्य समापन

**मण्डला।** जिले के ग्राम हिरदेनगर स्थित कालिका झरोपी कुंज में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का भव्य समापन हुआ। समापन अवसर पर हवन-पूजन भंडारा के साथ प्रसादी वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किए। कथा का आयोजन 10 मार्च से प्रारंभ होकर 17 मार्च तक चला जिसमें प्रतिदिन दोपहर से सायं तक श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित रहे। कथा के अंतिम दिवस यज्ञ, हवन एवं पूर्णाहुति के साथ पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। कथावाचक परम पूज्य संत प्रवर सिया बल्लभदास वेदांती जी महाराज अयोध्या धाम द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, धर्म और मानव जीवन के मूल्यों का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा के दौरान महारास, श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह, गोवर्धन लीला एवं सुदामा चरित्र जैसे प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। समापन दिवस पर विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया जिसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी जिससे पूरा वातावरण भक्ति रस में डूबा नजर आया। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान श्री प्रकाश-ज्योति मिश्रा परिवार रहे जिनके द्वारा पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। आयोजक भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, अनिल मिश्रा एव समस्त मिश्रा परिवार ने भागवत कथा के आयोजन में उपस्थित धर्मप्रेमियों का आभार व्यक्त किया है। वहीं कथा का श्रवण करने प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, सासंद फग्गन सिंह कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतिया उईके सहित अनेक जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं धर्मप्रेमी पहुंचे।

## रिश्वतखोर तकनीकि अधिकारी करा रहा करोड़ों के निर्माण कार्य

# रिश्वत लेते पकड़ाया, फिर भी पद पर काबिज

*** जनजातीय मंत्रालय के आदेश की अनदेखी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*पारदर्शी शासन-ईमानदार प्रशासन जैसे शब्द सुनने में बड़े अच्छे लगते हैं लेकिन इन नारो की जो दुर्गति इन दिनों मण्डला में हो रही है वह बहुत ही शर्मनाक है। एक तकनीकि अधिकारी शासकीय कार्यो में रहते हुये रिश्वत लेता है लोकायुक्त द्वारा उसे रंगे हाथों पकड़ा जाता है लेकिन इसके बाद भी वह धड़ल्ले से उसी पद पर काबिज रहते हुये जिले में न केवल करोड़ों के निर्माण कार्य रहा है बल्कि करोड़ों रूपये के भुगतान के बिल भी उसी के द्वारा पास किये जा रहे हैं जबकि जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय के द्वारा उसके स्थानांतरण का आदेश निकाला गया पुलिस अधीक्षक विशेष स्थापना पुलिस लोकायुक्त कार्यालय द्वारा उसे अन्यंत्र स्थानांतरित करने के आदेश जारी किये गये इन सबके बावजूद सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मण्डला द्वारा न तो उसका स्थानांतरण ही किया गया और न ही जनजातीय मंत्रालय के आदेश का पालन करते हुये उसे मण्डला से कार्य मुक्त किया गया। शायद सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मण्डला इतनी पहुंच वाली है कि उनके सामने न तो मंत्रालय का आदेश ही कोई अहमियत रखता है और न ही लोकायुक्त के निर्देशों की कोई हैसियत है।*






11 सितम्बर 2025 को लोकायुक्त की टीम ने कार्यवाही करते हुये जनजातीय कार्य विभाग में पदस्थ सहायक यंत्री नरेन्द्र गुप्ता को 20 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था अनूपपुर जिले के बिल्डर द्वारा शिकायत की गई थी कि उसके काम के बिल भुगतान के बदले नरेन्द्र गुप्ता उससे 56 हजार रूपये रिश्वत मांग की जा रही थी और यह 20 हजार रूपये उस रिश्वत की पहली किस्त थी जिसे लेते हुये नरेन्द्र गुप्ता को रंगे हाथों लोकायुक्त पकड़ लिया था भ्रष्टाचार निर्माण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था और फिर 16 सितम्बर 2025 को पुलिस अधीक्षक विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर संभाग द्वारा एक पत्र प्रमुख सचिव आदिम जाति कल्याण विभाग को भेजा गया जिसमें इस तकनीकि अधिकारी को अन्यंत्र स्थानांतरित करने की बात कही गई थी जिसकी प्रति सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मण्डला को भी भेजी गई लेकिन नरेन्द्र गुप्ता को पद से न तो हटाया गया और न ही उन्हें अन्यंत्र स्थानांतरित किया गया।

इसके बाद 02 जनवरी 2026 को मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा एक आदेश जारी होता है जिसमें नरेन्द्र कुमार गुप्ता उच्च पद प्रभार प्राप्त सहायक यंत्री (मूल पद उपयंत्री) कार्यालय सहायक आयुक्त मण्डला को जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास जिला बुरहानपुर में सहायक यंत्री के रिक्त पद पर आगामी आदेश तक पदस्थ करते हुये कार्यालय संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास जबलपुर के अतिरिक्त प्रभार से भार मुक्त किया जाता है और यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा यह भी कहा जाता है। इसके बावजूद सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास मण्डला द्वारा इस आदेश का पालन आज दिनांक तक नहीं किया गया इस आदेश की प्रति कलेक्टर मण्डला को भी भेजी गई उसके बावजूद भी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मण्डला द्वारा इसे स्थानांतरित करना तो दूर बल्कि जो प्रशासन द्वारा 02 अन्य अधिकारी इस विभाग में कार्य हेतु लगाये गये थे उनसे ऊपर इस रिश्वतखोर अधिकारी को न केवल पूरे जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई बल्कि समस्त देयको के भुगतान और कार्य के मूल्यांकन का प्रभार इसी रिश्वतखोर अधिकारी को दिया गया है।

इसी तरह से जिले में ऐसे रिश्वतखोरों को प्रोत्साहित किया जाता रहा तो फिर जनता में से कौन ऐसे बेईमान लोगों की शिकायत करेगा, क्यों लोकायुक्त के अधिकारी ऐसे बेईमानों को पकड़ने के लिये रात-दिन एक करेंगे और कैसें हमारे जिले के युवाओं में ईमानदारी की भावना घर करेगी, कैसें प्रशासन पारदर्शी होगा?


एसडीओ 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

ए.सी. कार्यालय का भ्रष्टाचार उजागर


भ्रष्टाचारी इंजीनियर को क्यों दिया जा रहा प्राश्रय

### लंबित दावों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

**मण्डला।** जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा वनाधिकार से जुड़े लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण एवं कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देशित किया गया कि वनग्रामों को राजस्व ग्राम में संपरिवर्तन की प्रक्रिया को गति दी जाए तथा प्रपत्र 01, 02, 03 पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही एम.पी. वनमित्र पोर्टल पर लंबित दावों की नियमित समीक्षा के लिए प्रत्येक शुक्रवार को बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। कलेक्टर ने संपरिवर्तन प्रक्रिया के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों से दावा फार्म भरवाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए अमान्य दावों पर स्पष्ट कारण सहित अभिमत प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही पूर्व में निरस्त दावों के पुनः परीक्षण में लंबित 2 प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि वनमित्र पोर्टल पर दर्ज नवीन व्यक्तिगत दावों का निराकरण ग्राम एवं उपखंड स्तर पर समयबद्ध तरीके से किया जाए। वहीं, सामुदायिक वन संसाधन से संबंधित प्राप्त दावों को ग्राम एवं उपखंड स्तरीय वनाधिकार समितियों की अनुशंसा के साथ जिला स्तरीय समिति को भेजा जाए। उपखंड स्तरीय वनाधिकार समिति बिछिया से प्राप्त 51 मान्य एवं 54 अमान्य दावों के निराकरण के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# बिछिया क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई-13 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया





कलेक्टर सोमेश मिश्रा के आदेशानुसार एवं अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) बिछिया सोनाली देव के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं गैस उपयोग संबंधी नियमों के पालन हेतु विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिछिया क्षेत्र के इंडियन बिरयानी (बस स्टैंड बिछिया) आजाद बिरयानी बिछिया, कान्हा फॉरेस्ट होम स्टे सरही तथा नर्मदा भोजनालय बंजारी में संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया- जांच के दौरान इन प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया कार्रवाई करते हुए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट श्री इंद्रजीत सिंह एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बिछिया श्रीमती रश्मि गौतम द्वारा कुल-13 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए तथा मौके पर ही जप्ती पंचनामा की कार्यवाही की गई।

### नारायणगंज में भी घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग

दिनांक 17.03.2025 को तहसील नारायणगंज क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक दुरुपयोग के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान विभिन्न होटल एवं ढाबों में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग पाया गया। जांच में निम्न प्रतिष्ठानों में सिलेंडर पाए गये जिसमें होटल ऑन एवं ढाबा पर कुल 10 घरेलू गैस सिलेंडर व्यवसायिक उपयोग में पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम (EC Act) के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई तहसीलदार नारायणगंज श्री संगम पटले, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री अजय झारिया मुख्यालय पटवारी धर्मेंद्र आरमो आरक्षक प्रशांत बघेल के नेतृत्व में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जिला प्रशासन द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रखी जाएगी, ताकि घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया की कार्यकारणी का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया का गठन किया गया है। आज दिनांक 17/03/26 दिन मंगलवार को आम सहमति से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया की कार्यकारणी का गठन किया गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया कार्यकारणी के गठन के पश्चात बिछिया ब्लॉक के समस्त मंडलम अध्यक्षों को उनके अधिकारों से अवगत कराया गया एवं उन्हें आने वाले चुनावों में कांग्रेस के पक्ष में बढ़ चढ़ कर कार्य करने की प्रेरणा दी। समस्त नवनियुक्त मंडलम अध्यक्षों का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया। समस्त कांग्रेस जनों ने नव नियुक्त नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शशांक गोस्वामी का कांग्रेस का गमछा पहनाकर तिलक वंदन कर स्वागत किया गया। जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता ज्योत सिंह ठाकुर टेकराम राय अशोक ठाकुर जनपद सदस्य रागनी परते मेवा लाल धुर्वे अशोक ज्योतिषी मोहन पटेल डमरू राजपूत संतोषी मोंगरे अक्षत झारिया टोनी मिश्रा निखिल राजपूत मंडलम अध्यक्षों में औरई मंडलम अध्यक्ष मेवा धुर्वे खटोला मंडलम अध्यक्ष चमन यादव, कोको मंडलम जागृत मरावी दानिटोला मंडलम अंगद साहू मेड़ताल श्याम आयाम देई रोशन भवेदी एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

**अनदेखी** | **आबकारी विभाग नहीं दे रहा ध्यान, ठेकेदार के हौसले बुलंद।**

# बम्हनी शराब दुकान की घर पहुंच सेवा

*** दिखावे के लिये कभी कभार होती कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/बम्हनीबंजर




बम्हनीबंजर स्थित शराब दुकान से लगातार अवैध रूप से शराब की खेप गांव गांव पहुंचाई जा रही है और इस प्रकार अवैध रूप से पहुंचाई जा रही शराब आसपास के गांव में छोटी दुकानों में,टपरों में धड़ल्ले से बेची जा रही है लेकिन आबकारी विभाग आंखे मूंद कर बैठा हुआ है ना ही किसी प्रकार की कोई कार्यवाही कर रहा है और ना ही इस प्रकार बेखौफ और बेधड़क गांव गांव और घर घर पहुंचाई जा रही शराब में अंकुश लगा पा रहा है।क्या मोटा कमीशन लेकर आबकारी विभाग शांत बैठा हुआ है।इस शराब दुकान से महज 50 मीटर की दूरी पर बम्हनी थाना स्थित है लेकिन पुलिस प्रशासन की भी इस प्रकार अवैध रूप से सप्लाई की जा रही शराब पर नजर नहीं पड़ रही है या जानबूझकर नजर नहीं डाली जा रही है। गली मोहल्ले बिकती इन शराब से लगातार घरों में कलह बढ़ रही है और शराब पीकर शराबियों द्वारा गाली गलौज की जा रही है जिससे विवाद की स्थिति पैदा हो रही है।क्या मार्च अकाउंट की क्लोजिंग के कारण इस प्रकार सप्लाई हो रही अवैध शराब के लिए आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग प्रदान किया जा रहा है और मोटा कमीशन सेट करके मूकदर्शक बनकर बैठे हुए हैं।विगत सप्ताह पहले हुए अगले साल के ठेके में मंडला जिले की शराब दुकानों की रिकॉर्ड लगभग 125 करोड़ की बोली लगाई गई थी जो यह दर्शा रही है कि प्रशासन ने जिले को शराब का अड्डा बनाने का फैसला ले लिया है। इतनी महंगी बोली होने के कारण उसकी वसूली के लिए घर घर अवैध रूप से सप्लाई में आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन पूरा सहयोग प्रदान करना चाहता है।

### ढाबा की आड़ में चल रहे अहाते

साथ ही बम्हनी शराब दुकान के आस पास संचालित ढाबे की आड़ में अहाते चलाए जा रहे हैं जिससे आस पास के रहवासी परेशान हैं इन ढाबों में बैठाकर शराब पिलाई जा रही है और शराबियों द्वारा गाली गलौज मारपीट करके माहौल खराब किया जाता है जिससे आस पास के क्षेत्र वासी परेशान हो चुके हैं गाली गलौज होने के कारण माताएं,बहनें,आने जाने वाले राहगीर बहुत परेशान हैं। शराबियों द्वारा इन ढाबों में शराब पीकर इस प्रकार का माहौल बना दिया जाता है कि उस क्षेत्र से गुजरने वाली महिलाओं,स्कूली बच्चों के लिए समस्या उत्पन्न होती है। उस क्षेत्र में रहने वाले रहवासियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शराबियों द्वारा शराब की बॉटल उनके घर के आस पास फोड़ दी जाती है जिससे रहवासी और राहगीर घायल हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इन ढाबा संचालकों को विशेष राजनीतिक दल का संरक्षण प्राप्त है जिसकी शह में सारे नियमों और प्रशासन के डर को दरकिनार करते हुए अवैध रूप से बैठाकर शराब पिला रहे हैं।इन ढाबों के पास ही धार्मिक आस्था का केंद्र लमती तालाब स्थित है लेकिन उसमें भी शराब की बॉटल और मुर्गा मछली के अवशेष फेंके जा रहे हैं जिससे नगरवासियों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही हैं।

# मनरेगा मेट संघ की हुई आवश्यक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



दिनांक 17/03/2026 दिन मंगलवार को जनपद पंचायत नारायणगंज सभा कक्ष में मनरेगा मेट की बैठक हुई, जिसमे समस्त 50 पंचायत के मेट भाई बहन उपस्थित रहे मनरेगा अधिकारी पंकज साहू के द्वारा nmms के तहत नया वर्जन 3.6.2 aap के बारे मै जानकारी दी गई एवं जल गंगा संवर्धन के तहत आगामी 19/03/2026 को प्रत्येक ग्राम पंचायत मे इस अभियान का उद्घाटन किया जाएगा एवं संबंधित क्षेत्रों को चिन्हित कर TS करवाने हेतु समझाएं दी गई। मनरेगा मेट संघ नारायणगंज के द्वारा मीटिंग रखा गया जिसमे विगत माह जनवरी, फरवरी मैं कराए गए रोजगार गारंटी के विभिन्न कार्यों का अभी तक भुगतान नही हो पाया है जिसमे मनरेगा मेट संघ के द्वारा ज्ञापन सीईओ को दिया गया की मजदूरों की भुगतान जल्द से जल्द कराने की मांग की गई। बैठक में उपस्थित ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम सिंह नरेंती, उपाध्यक्ष नन्ही बाई उलाड़ी, सचिव मनीष दुबे जिला मिडिया प्रभारी हेमसिंह परते भूतपूर्व ब्लॉक अध्यक्ष त्रिलोक सिंह नरेंती, रामचंद्र वरकडे, सेक्टर प्रभारी डुमारी लाल, अनूप सिंह, महेश कुमार, चमरू लाल पट्टा एवं समस्त मेट बैठक मै उपस्थित रहें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हां जनपद पंचायत नारायणगंज मण्डला**

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत कुम्हां में समस्त पक्के निर्माण कार्य हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट, रेत एवं स्टेशनरी सामग्री आदि की आवश्यकता है वर्ष 2026-27 के लिये जी.एस.टी. बिल वाले निर्माण सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में दिनांक 25.03.2026 दिन बुधवार को समय 3 बजे से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सरपंच अखिलेश कुमार मरावी | सचिव दीपचंद साहू

**कार्यालय ग्राम पंचायत घोंटखेड़ा जनपद पंचायत नारायणगंज मण्डला**

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत घोंटखेड़ा में समस्त पक्के निर्माण कार्य हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट, रेत एवं स्टेशनरी सामग्री आदि की आवश्यकता है वर्ष 2026-27 के लिये जी.एस.टी. बिल वाले निर्माण सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में दिनांक 25.03.2026 दिन बुधवार को समय 3 बजे से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सरपंच इंद्रजीत मरावी | सचिव काशी मार्को

**कार्यालय ग्राम पंचायत पाठा जनपद पंचायत नारायणगंज मण्डला**

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत पाठा में समस्त पक्के निर्माण कार्य हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट, रेत एवं स्टेशनरी सामग्री आदि की आवश्यकता है वर्ष 2026-27 के लिये जी.एस.टी. बिल वाले निर्माण सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में दिनांक 25.03.2026 दिन बुधवार को समय 3 बजे से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सरपंच श्रीमति मंगो बाई | सचिव रमेश कोकड़िया

**कार्यालय ग्राम पंचायत डालाखापा जनपद पंचायत नारायणगंज मण्डला**

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत डालाखापा में समस्त पक्के निर्माण कार्य हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट, रेत एवं स्टेशनरी सामग्री आदि की आवश्यकता है वर्ष 2026-27 के लिये जी.एस.टी. बिल वाले निर्माण सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में दिनांक 25.03.2026 दिन बुधवार को समय 3 बजे से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सरपंच राकेश धुर्वे | सचिव शोयन सिंह वरकड़े

## नगर में अलग अलग स्थानों पर चालानी कार्यवाही करते हुये जप्त किये साईलेंसरों पर चलाया बुलडोजर

# सड़कों पर तेज आवाज के साथ फटाखा फोड़ने वाले बाइक चालकों के खिलाफ घूमा पुलिस का डंडा

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** सबसे शांत प्रिय माने जाने वाले इस नगर को पता नही कि युवा पीढी द्वारा कौन सा ग्रहण लगाया जा रहा है जिसके चलते सभ्य लोगों का सड़को पर निकलना दुभर होने से नही चूक रहा है..? यदि नगर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो सड़कों पर महिलाओं व किशोरियों सहित सभ्य लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल हो होते हुये दिखा जाने लगा है। नगर के अनेक स्थल आवारा गर्दी करने वाले मनचलों के लिए प्रमुख केन्द्र बन चुके है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो इस समय पानी टंकी व शासकीय चिकित्सालय क्षेत्र संपूर्ण नगर में चर्चा का विषय बन चुका है। जहां पर आये दिन झगड़ा होना आम बात हो चुकी है। वही दूसरी ओर इस क्षेत्र के प्रमुख माने जाने वाले मार्गो पर जहां दिन भर मनचलों का जमावड़ा लगा रहता है उसके चलते आने जाने वाली महिलाओं सहित आमजन को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर सड़को पर बाईकर्सो का आंतक छाने के साथ साथ फटाखानुमा आवाज निकलते हुये वाहनों ने मानों लोगों की रातों की नींद ही छीन ली गई है। क्योंकि इस समय देखा जावे तो घर घर नेता तैयार हो चुके है जो नगर की शांति व्यवस्था भंग करने वालों को संरक्षण देने की मुद्रा में दिखाई देने से नही चूक पाते है? क्योंकि किसी छुट भैया नेता के दिल्ली वाले भैया से संबंध हे तो किसी के भोपाल वाले या फिर कोई का माता बऊ के आर्शीवाद के भरोसे बमचक मचाते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है..? सड़को की सच्चाई जिस तरह से देखने मिल रही है कि वाइकर्सो का आंतक छाने आम व सभ्य लोगों को अपने घरों से निकलना मुश्किल होने से नही चूक रहा है। वह मनमानी करने वाले अपनी बुलट गाडी हो या फिर अन्य बाइकों में तेज आवाज वाले साईलेंसर लगाना जहां अपनी शान समझने लगा है





और दूसरी सड़को पर फटखानुमा आवाज के साथ घूमने वाली बुलटों के चलते लोग रात के समय अपने घरों में शांति के साथ सो तक नही पा रहै। नगर की सड़को पर जिस प्रकार से बाईकर्सो का आतंक छाता है उसके चलते लोगों का अपने घरों से निकलने की बात तो दूर घरों के अंदर सोना भी मुश्किल होने लगा है। इस प्रकार से शहर में मनचलों की हरकतों का शिकार सबसे अधिक उन महिलाओं को होना पड़ता है जो अपने परिजनों के साथ रात के समय कही आ जा रही होती है। क्योंकि इन बाईकर्सो द्वारा अपनी गाडियों में लगे हुये तेज आवाज वाले साईलेंसर के साथ जिस गति से हुडदंग लीला मचाते हुये देखे जाते है उसके चलते पैदल चलने वाले राहगीरों की जान खतरे से खाली नही रह पा रही है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक युवाओं की गाडियाँ तो इस प्रकार से होती है कि वह बिना नंबर की वाईकों पर सवार होकर नशे की हालत दौडाते हुए देखे जाते है। यदि धोखे से कोई उनकी गाड़ी के सामने आ जावे तो उसका बचना मुश्किल ही होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। कुछ इसी प्रकार का हाल नगर में दौड़ रहे आटों चालको का देखने मिल रहा है। जो अपने आटों में मनमुताबित तेज रोशनी वाले लाईट लगाते हुये सड़को पर दौडाते हुये देखे जा रहे है। आटों में लगने वाले अतिरिक्त तेज रोशनी वाले लाइट दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। इस तरह नगर में तेज आवाज वाले साईलेंसर तथा मनमानी करने वालों के खिलाफ अब पुलिस प्रशासन द्वारा अपना डंडा घुमना शुरू कर दिया गया है और इसी के चलते जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन व उप पुलिस अधीक्षक एल एस डागुर के नेतृत्व में नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान तथा यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से मोर्चा संभालते हुये तेज आवाल वाले साईलेण्सरों के खिलाफ मुहिम छेड़ दी गई है। इसी के चलते बीते हुये दिवस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन में उप पुलिस अधीक्षक एल डागूर नेतृत्व में शहर के पलोटन गंज चौराहे पर नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान सहित यातायात निरीक्षक ममता तिवारी, सूबेदार नोवेन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुरेश पटेल एवं स्टाफ के द्वारा नगर सहित आस-पास से जप्त किये गये कुल 25 मॉडीफाईड साईलेंसर का बुलडोजर चलाते हुये नष्टीकरण की कार्यवाही की गई। वही अनेक आटों चालकों के आटों से अतिरिक्त लगाये गये तेज रोशन वाले लाईटों को निकलन वाया गया। इस तरह नगर में वाहनों चालको की मनमानी को लेकर हरिभूति द्वारा सच्चाई को प्रमुखता से उजागर किया जा रहा था। इस सच्चाई को जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से लेते हुये इस तरह मनमानी करने वालों के खिलाफ डंडा घुमना शुरू कर दिया गया है। वही दूरी ओर आटों चालको सहित आमजन को समझाईश दी गई कि वह अपने गाड़ियों को यातायात निमयों के तहत ही चलाये। यदि कोई नाबालिंग दो पहिया या फिर चार पहिया गाड़ी चलाते हुये पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावेगी। इस संबंध में जब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि नगर में बीते हुये कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि युवाओं द्वारा अपनी गाड़ियों में कान फोडू हार्न तथा फटखा की तरह आवाज निकालने वाले साईलेंसर लगाना शान समझ लिया गया है। इस तरह तेज आवाज वाले साईलेंसर लगाकर घूमने वाले गाड़ियों के खिलाफ जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस तथा हमारे नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान द्वारा मिलकर संयुक्त कार्यवाही करते हुये चालानी कार्यवाही की गई तथा लगभग दो दर्जन गाड़ियो से इस तरह तेज आवाज वाले साईलेसर निकालते हुये उन पर बुलडोजर चलाया गया है। पुलिस की यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी और किसी काम में पुलिस को सफलता तभी मिल पाती है जब आम जनता का सहयोग रहता है तभी किसी बुराई को खत्म किया जा सकता है। वही जब नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान सें चर्चा की गई तो उनका कहना था कि नगर में बीते हुये कुछ दिनों से देखा जा रहा है था कि युवाओं द्वारा अपनी गाड़ियों में कान फोडू हार्न लगाते हुये उनसे फटाखानुमा आवाज निकाला जाता था। वही दूसरी ओर नगर की सड़को पर रात के समय जन्म दिन मनाने की परम्परा के चलते नगर की शांति व्यवस्था को ग्रहण लग रहा था। इस तरह बिगडे रही व्यवस्था व बाइकर्सो की मनमानी को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक व यातायात पुलिस के सहयोग से पुलिस द्वारा लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है तथा आज लगभग दो दर्जन से अधिक गाड़ियों के तेज आवाज वाले साईलेंसर निकालते हुये उन पर बुलडोजर चलवाया गया है। नगर पलोटनगंज चौराहे पर तेज आवाज वाली बाइकों के साईलेंसर निकालते हुये उन पर बुलडोजर चलाने की कार्यवाही की गई तो उस दौरान जहां लोगों का हुजुम लगा हुआ देखा गया। वही दूसरी इस तरह कान फोडू हार्न लगाने वालों में पुलिस का डंडा घुमते हुये दहशत का महौल दिखाई देने लगा है तो दूसरी ओर अनेक लोगों की गाड़ियो से साईलेसर गायब नजर आने लगे है।

## खबर संक्षेप

### साले की पिटाई पर जीजा ने लिखाई रिपोर्ट

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम आमगांव छोटा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस की बात है उसे अन्ना कौरव ने घर आकर बताये कि तुम्हारे साले कमलेश वर्मा को बबलू लोधी तथा सन्नू लोधी को ललता पटैल के खेत में झगड़ा कर रहे है तब प्रार्थी ललता पटैल के खेत में जाकर देखा तो उसका साला कमलेश वर्मा को पुरानी बुराई पर से बबलू लोधी तथा सन्नू लोधी गंदी गंदी गालियाँ देते लकड़ी से मारपीट कर रहे थे। जिससे कमलेश को चोटे आई व आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### लाठी मारकर चोट पहुंचाई

गाडरवारा। समीपसि सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बैरागढ़ निवासी गेंदालाल पिता हरिओम धानक उम्र 38 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गांव की किराना दुकान पर कुछ सामन लेने के लिये गया हुआ था उसी दौरान रास्ते में गांव का रम्मू उर्फ रजनीश पिता सुखलाल धानक मला ओर पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### उधारी के पैसा मांगने पर की मारपीट

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम खुरसीपार निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैने गुड्डा जाटव को परिवार में शादी के चलते 80 हजार रूपया उधार दिये थें। बीते हुये दिनों गुड्डा, हरिशंकर व करन जाटव मेरे घर पर आये तो मैने वह उधारी के पैसा मांग जाने चलते गुड्डा जाटव द्वारा गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो डंडे से मारपीट कर चोटे पहुंचाई एवं तीनों ने एक राय होकर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सबार घायल

गाडरवारा। क्षेत्र की सड़को पर बेलगाम गति से दौड़ रहे वाहनों के चलते आये दिन दुर्घटनाये घटित होते हुये देखी जाने लगी है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिनों नगर के काबरा पेट्रोल पंप के पास देखने मिली जहां पर एक ट्रक चालक द्वारा बाइक सबार को टक्कर मार दी गई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बम्हौरी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके पिता अपने गांव से गाडरवारा मोटर साईकिल से आ रहे थें। इसी दौरान काबरा पेट्रोल पंप के पास ट्रक क्रमांक MP17HH2063 के चालक द्वारा अपने ट्रक को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर कर दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### खाते में डाले गये अस्सी रूपया को लेकर हुआ विवाद

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम सहावन निवासी प्रीतम पता मोहन अहिरवार द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै गांव के बड्डे अहिरवार की दुकान पर राजश्री गुटखा लेने के लिये गया हुआ था। इस दौरान 20 रूपया वाला राजश्री गुटखा लेने के बाद उसके खाते में 80 रूपया डालते हुये जब प्रार्थी ने कहा कि मुझे बीस रूपया काटकर 60 रूपया वापिस कर दो जरूरत है। मगर बड्डे अहिरवार द्वारा कहा क मेरे खाते में कोई पैसा नही आये। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होने लगा बड्डे अहिरवार द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये प्रार्थी के साथ मारपीट की गई और इसी बीच मनीष अहिरवार आ गया जसने लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## नव गठित गायत्री मंडल तहसील समिति का किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** गायत्री प्रज्ञा मंडल आडेगांव खुर्द द्वारा नव गठित तहसील समंवय समिति के सदस्यों का स्वागत सम्मान समारोह आयोजन किया गया। गायत्री परिजन गौतम पटेल के पुत्र रुद्र कौरव के जन्म दिवस पर एक कुंडीय गायत्री यज्ञ के अवसर पर उपजोन जबलपुर से वृन्दावन पटेल, नरसिंहपुर से



मुख्य ट्रस्टी थम्मन सिंह शर्मा तथा जिला समन्वयक रामकुमार ठाकुर, राजेश कुमार कौरव, तहसील समंवयक गीता प्रसाद कौरव, ट्रस्टी राजेन्द्र राय, अभिषेक कौरव, ड्रा राजेन्द्र दुबे, गोविंद कौरव, कवि प्रशांत मजबूर का स्वागत सम्मान किया गया। प्रज्ञा मंडल से पूर्व सरपंच मुकलेश पटेल, नीरज कौरव, बडेलाल कौरव द्वारा सभी प्रतिनिधियों को मंत्र पट्टीका पहनाकर,साहित्य प्रदान कर सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि गायत्री परिवार की भूमिका पर बोलते हुए आचार्य थम्मन सिंह शर्मा, परिव्राजक मूलचंद पटेल द्वारा सभी नव नियुक्त समिति सदस्यों को युग निर्माण योजना के रचनात्मक सप्त सूत्रीय कार्यक्रमों की रुपरेखा समझाते हुए मिल जुल कर काम करने की प्रेरणा दी गई साथ ही सभी नव नियुक्त समिति सदस्यों को शुभकामना के बधाई प्रदान की। उपजोन प्रतिनिधि ने कहा पद या दायित्व तो एक व्यवस्था मात्र है, हम सबको सिर्फ एक कार्यकर्ता या गायत्री परिजन बनकर काम करना है। हमारे मिशन में कोई छोटा बड़ा नहीं होता,हम सब गुरु भाई है। कार्यक्रम में मुनि पटेल, नंदन पटेल, उत्तम सिंह चिलका के अलावा अनेक गायत्री परिजन, ग्रामवासियों ने सहभागिता दी गई।

## पूर्णाहूति के साथ हुआ शिवमहापुराण का समापन, महादेव निर्मल हृदय एवं अटूट श्रद्धा से होते हैं प्रसन्न -दीक्षित



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम आमपुरा (सांगई ) के शक्ति दरबार में संगीतमय श्री महाशिवपुराण कथा का समापन पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ हुआ जहां पर सैकडो लोगों ने प्रसादी ग्रहण की गई। वही आयोजन के अंतिम दिवस कथा को सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचे। अंतिम दिवस व कथा के समापन पर कथा वाचक हेमंत कृष्ण दीक्षित ने कहा कि जिस व्यक्ति ने सात दिनों तक एकाग्र मन से इस पुराण को सुना है, उसके जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं। चाहे अनजाने में हुए पाप हों या जान बूझकर किए गए पापों को महादेव की शरण में आने से माफ हो जाते है और जीव आत्मा शुद्ध हो जाता है। अंत समय में भगवान शिव के दूत उसे लेने आते हैं और वह शिवलोक को प्राप्त करता है। शिव पुराण के महात्म्य में चंचुला नामक स्त्री और उसके पति बिंदुग की कथा आती है। कैसे एक पापिनी स्त्री ने केवल शिव कथा सुनकर न केवल अपना उद्धार किया, बल्कि अपने कुमार्गगामी पति को भी नर्क से मुक्त कराकर शिव धाम पहुंचाया। यह इस बात का प्रमाण है कि शिव की कृपा किसी भी सीमा को नहीं जानती। वैसे भी देखा जावे तो इस कलयुग काल में मानव द्वारा भगवान का श्रद्धा के साथ स्मरण करने मात्र से वह पुण्यों का हकदार बन जाता है। जिसमें भोलेनाथ अपने भक्तों पर आसानी से प्रसन्न होने से नही चूकते है। इस कथा के अंत में महादेव के निराकार (शिवलिंग) और साकार (सगुण रूप) की एकता पर बल दिया जाता है। यह समझाया जाता है कि शिव और शक्ति अलग नहीं हैं। भगवान शिव का अर्धनारीश्वर यह रूप बताता है कि पुरुष और प्रकृति एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। इस कथा में भक्त इस भाव में डूब जाते हैं कि महादेव अब उनके हृदय में विराजमान हो गए हैं।₹शिव पुराण का अंतिम संदेश कर्मकांड से अधिक 'भाव' पर जोर देता है। महादेव केवल बेलपत्र या जल से नहीं, बल्कि निर्मल हृदय और अटूट श्रद्धा से प्रसन्न होते हैं।₹कथा के अंतिम दिन दान-पुण्य, क्षमा प्रार्थना, संकल्प आदि कार्य शुभ माने गये है।

## मस्जिदों में इबादत का दौर जारी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मुस्लिम समुदाय का पावन पर्व रमजान के 26 वे रोजे शबेक़द्र पर सभी मस्जिदों में इबादत का दौर जारी रहा । शबेक़द्र पर रात्री में मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई । बताया जाता है कि इस अवसर पर मस्जिदों में तराबीह पढ़ाने वाले इमामो को नजराना पेश किया गया । जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान ने जामा मस्जिद के इमाम हाफिज जुबेर आलम उनके द्वारा तराबीह भी जा रही है। वही मुस्लिम जमात की ओर से इस्तकबाल कर नजराना पेश किया । आशिक हुसैन ने संचालन करते हुए शबेक़द्र के प्रोग्राम में सहयोग करने वाले तमाम मुस्लिम भाईयो का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया गया। रोजा इफ्तार के समय मस्जिद में रोजेदारो की व्यवस्थाओं के उपरांत बाद में समुचित साफ सफाई करने वाले नोजवानो व मस्जिद में यहतकाफ पर बैठे हुए सभी लोगो की दस्तारबंदी की गई । मस्जिद के खिदमतगार राजू भाई को नजराना देकर स्वागत किया गया । हसनी हुसैनी सोसाइटी व गरीब नवाज चौकी द्वारा भी नोजवानो द्वारा किये गए सहयोग की तारीफ कर उनका हौसला बड़ाया । वहीशबेक़द्र पर रात्री में रोजेदारों के लिए शहरी का इंतजाम भी किया गया था। मस्जिद में नमाज के उपरांत वतन की खुशहाली एवं तरक्की के लिए दुआएं की गई। फैजाने मदीना मस्जिद व छोटी मस्जिद में भी शबेक़द्र पर तराबीह पढ़ाने वाले हाफिजों को नजराना दिया गया कमेटी की जानिब से इस्तकबाल भी हुआ व वहा पर भी दुआए की गई । मस्जिदों में हाजियो का स्वागत किया गया । शबेक़द्र का पर्व मुस्लिम समुदाय ने उत्साह से मनाया, नमाज ,रोजा, तिलावत इबादत के साथ कब्रिस्तान पहुंचकर मरहहूमो के हक में दुआएं खेर की गई। वही जामा मस्जिद के अध्यक्ष अबरार खान ने स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर पालिका परिषद से ईद के त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए सहयोग की अपेक्षा जताई गई है।

## सांदीपनि विद्यालय में सतत जीवन शैली कार्यशाला का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय के निर्देशानुसार विद्यार्थियों में धारणीय विकास की प्रवृत्ति विकसित करने के उद्देश्य से ईको क्लब के माध्यम से सतत जीवन शैली कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में 'नर्मदा ईको क्लब' द्वारा एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर मौजूद विद्यार्थियों को कागज के लिफाफे और थैले बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। वही कार्यशाला को संबोधित करते हुए संस्था प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा, शिक्षक मनीष शंकर तिवारी, सरदार सिंह राजपूत एवं पूनम बसेडिया ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वही मौजूद सभी वक्ताओं ने विद्यालय परिसर को पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त बनाने और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प दोहराया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए ईको क्लब प्रभारी भानु प्रताप राजपूत ने बताया कि जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात अब इसे विद्यालय स्तर पर लागू किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक पर कड़ा प्रतिबंध है, अतः भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए हमें अपनी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाना अनिवार्य है।इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा, जिनमें पुष्पा सिलावट, सुषमा चौधरी, सोनू बुधौलिया, अखिलेश मेहरा, लाल सिंह लोधी, रूप सिंह कुशवाहा, पल्लवी यादव, प्रियंका विश्वकर्मा, सोमवती ठाकुर, खुशबू खरे और आरती पटेल शामिल थे। कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए कागज के थैलों का प्रदर्शन भी किया गया।

## जब बैंकों के पास पार्किंग के लिये जगह नहीं तो फिर सड़क किनारे स्थापित करने की अनुमति क्यों

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** आये दिन बैको द्वारा अपने उपभोक्ताओं के लिए जिस प्रकार से योजनाएं चलाई जाती है उनका लाभ किस स्थिति में उनको मिल पाता है यह बात किसी से छिपी नही है? यदि बैक की व्यवस्थाओं पर गौर किया जावे तो किसी भी उपभोक्ता का कार्य बगैर दलाल के माध्यम से हो पाना संभव होता हुआ नही देखा जाता है? जिसके चलते आये दिन क्षेत्र के लोगों को बैक के चक्कर लगाते हुए आसानी से देखा जा सकता है? इस संबंध में बताया जाता है कि शासन द्वारा बैकों के माध्यम से किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी जब तक किसानों तक पहुंचती है तब तक या तो योजनाएं बंद हो जाती है या फिर अपने लक्ष्य को पूरा कर लेती है। इतना ही नही यदि क्षेत्र के लोगों को बैक संबंधी में योजना का लाभ लेने का मौका मिल भी जाता है तो बैकों में बैठे अधिकारियों द्वारा उनसे सीधे मुंह बाते नही करते है जिसके चलते मजबूरी बस क्षेत्र के लोगों को बैकों द्वारा नियुक्त किये गये तथा कथित दलालों के पास पहुंचने मजबूर हो जाता है जिसके चलते बैकों द्वारा इन दलालों से फिक्स किये गये अपने प्रतिशत के बाद ही किसान इस प्रकार से सरकार द्वारा चलाई जा रही जन हितैषी योजनाओं का लाभ लेते हुए देखे जा रहे ह? इतना ही नही अक्सर देखा जाता है कि बैकों द्वारा अपने ग्राहको को पर्याप्त सुविधाएं प्रदान नही किये जाने के कारण या तो ग्राहक रोड पर खड़े होकर बैकों में अपनी कार्य पूर्ण करने का इंतजार करते रहते है? जिसके कारण उनकी जान को पूर्णरूप से खतरा जान पड़ता है?




कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय कौडिया इलाहाबाद बैक में देखने मिल रही है? बताया जाता है कि यह बैक कौडिया में उस जगह पर स्थित है जहां पर राज्यीय राज मार्ग निकला होने के कारण जब बैक के सामने अपने उपभोक्ताओं की भीड़ लग जाती है तो पूर्णरूप से यातायात प्रभावित होने लगता है, आये दिन देखा जाता है कि बैक द्वारा अपने ग्राहकों के वाहनों का खड़ा करने के लिए कोई उचित व्यवस्था नही किये जाने के कारण बैक पहुंचने वाले उपभोक्ताओं द्वारा अपने वाहन मुख्य रोड के किनारे खड़े कर देते है जिसके चलते यातायात व्यवस्था बांधित तो होती ही है साथ ही साथ बैक उपभोक्ताओं की जान को भी खतरा बन जाता है? क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि समय रहते हुए बैक द्वारा अपने उपभोक्ताओं के वाहनों को खड़ा करने के लिए कोई उचित व्यवस्था नही की गई तो निश्चित तौर से किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने से इंकार नही किया जा सकता है।

### घर के सामने गाली बकने से रोका तो पत्थर मारकर चोट पहुंचाई

गाडरवारा। नगर में मनमानी करने वालों के हौसले इंतने बुलंद देखने मिल रहे है क कोई भी किसी के घर के सामने पहुंचकर गाली बकने लगता है यदि कोई रोकता है तो मारपीट करने पर उतारू होने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर के डोलाबाबा क्षेत्र में देखने मिली है। जहां पर एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि में अपने घर पर था तभी घर के बाहर से गाली गलौच की आबाज आयी तो मै घर के बाहर गया और देखा तो मेरे मोहल्ले का धर्मेन्द्र कहार गंदी गंदी गालियां दे रहा था जो सुनने मे बुरी लग रही थी। प्रार्थी ने उससे बोला की गालियां क्यो दे रहा है घर मे बहन बेटिया है। इसी बात को लेकर वह प्रार्थी को गालिया देते हुये मारपीट करते हुये पास में पड़े हुये पत्थर को उठाकर मारते हुये चोट पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।




## विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक में अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** विकासखंड के जनपद शिक्षा केंद्र में विकास खंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि उक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए बीआरसी संदीप स्थापक, बीएसी मनीराम मेहरा एवं पवन राजोरिया द्वारा अनेक बिंदुओं पर चर्चा करते हुये जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। वही आगामी अप्रैल में नवीन सत्र में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम, वर्तमान में जारी स्थानीय कक्षा 3 सहित कक्षा 4 व कक्षा 6 तथा कक्षा 7वी की वार्षिक परीक्षाओं के जल्द परिणाम घोषित करने, एफएलएन अभ्यास पुस्तिका पर कार्य, अपार आई डी, खाद्यान्न उठाव, ड्रॉप बॉक्स, डीजीगोव व्यय, पीएम पोषण आहार मॉनिटरिंग, आईवीआरएस मैसेज, शौचालय मरम्मत एवं निर्माण कार्य को लेकर विस्तृत निर्देश दिये गये। बैठक में एमआईएस वेद प्रकाश राजपूत, दीपक आरसे एवं समस्त जनशिक्षकों की उपस्थिति रही।



## खबर संक्षेप

### प्रतिबंध के बावजूद नलकूप खनन प्रशासन की सख्ती पर उठे सवाल



**अमरपुर।** जल अभाव की स्थिति को देखते हुए डिंडौरी जिले में नलकूप खनन पर जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लागू किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि विशेष परिस्थितियों में ही एसडीएम की अनुमति से नलकूप खनन किया जा सकेगा। इसके बावजूद अमरपुर विकासखंड के सिधौली ग्राम पंचायत अंतर्गत छिंदहा टोला पिपरिया में नियमों की अनदेखी सामने आई है। जानकारी के अनुसार महेंद्र कुमार वास्पे को कृषि विभाग से नलकूप खनन की स्वीकृति तो मिली है लेकिन प्रशासनिक अनुमति प्राप्त नहीं हुई थी। इसके बावजूद मंगलवार दोपहर मशीन लगाकर खनन कार्य शुरू कर दिया गया।ग्रामीणों की सूचना पर जब मीडिया टीम मौके पर पहुंची तो खनन कार्य कर रहे लोग मशीन बंद कर मौके से निकल गए। बताया जा रहा है कि सहयोगी वाहन में रखी सामग्री भी तत्काल हटा ली गई।मामले की जानकारी मिलने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पंचनामा की कार्रवाई की गई। हालांकि इस पूरे प्रकरण में प्रशासन और संबंधित विभाग द्वारा आगे क्या कदम उठाए जाएंगे इस पर अब सभी की नजर बनी हुई है।घटना ने प्रतिबंध के प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर कार्रवाई दो सिलेंडर जब्त



**डिंडौरी ।**कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देश पर खाद्य विभाग ने घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।समनापुर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नितिन जायसवाल और आकाश तुरकर की टीम ने दो प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की। जांच में मनोहर चाय समनापुर और गुनगुन फास्ट फूड सेंटर समनापुर में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते पाया गया।कार्रवाई के दौरान दोनों प्रतिष्ठानों से एक एक सिलेंडर जब्त कर कुल दो घरेलू गैस सिलेंडर मौके से जब्त किए गए। जब्त सिलेंडरों को समनापुर इंडेन गैस एजेंसी को सौंप दिया गया।खाद्य विभाग ने बताया कि यह कार्रवाई द्रविकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियमन आदेश 2000 के उल्लंघन के तहत की गई है और संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की प्रक्रिया जारी है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है और ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जल संसाधन विभाग के कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

**डिण्डौरी ।**कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिले में जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित सिंचाई एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की। इस दौरान विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों से अद्यतन जानकारी प्राप्त की गई।

# जनसुनवाई में 73 आवेदन प्राप्त समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिलेभर से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं और संवेदनशीलता के साथ उनके निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

डिंडौरी ।



जनसुनवाई में कुल 73 आवेदन प्राप्त हुए जिन पर कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मेंहदवानी क्षेत्र के सुदामा प्रसाद साहू और रामचरन साहू ने मेंहदवानी से चकदेही मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया में अनियमितता और डायवर्सन मार्ग के मुआवजे का भुगतान नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य में गड़बड़ी के कारण पुलिया अब तक पूर्ण नहीं हो सकी है जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है।समनापुर की भागरती बाई बघेल ने अपने पति द्वारा भरण पोषण राशि नहीं दिए जाने की शिकायत करते हुए वेतन का आधा हिस्सा अपने खाते में दिलाने की मांग रखी।ग्राम बरछा के अंशुमन उद्दे ने चार पहिया वाहन का परमिट जारी नहीं होने की समस्या बताई। उनका कहना है कि आरटीओ कार्यालय की प्रक्रिया के कारण वाहन खड़ा है और परिवार के भरण पोषण में कठिनाई हो रही है।

शहपुरा से बटौंधा मार्ग पर अधिक किराया वसूले जाने को लेकर ग्रामीणों ने परिवहन विभाग से निर्धारित दर लागू कराने की मांग की ताकि छात्र और मजदूर वर्ग को राहत मिल सके।ग्राम सिंगपुर के सोमकुमार ने राशन कार्ड नहीं बनने की शिकायत करते हुए विभाग पर टालमटोल का आरोप लगाया।कलेक्टर ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को जांच कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए और आवेदकों को त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी अपर कलेक्टर जेपी यादव एसडीएम भारती मेरावी डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## आकांक्षी विकासखंड बजाग में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत प्रशिक्षण आयोजित

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** जिले के आकांक्षी विकासखंड बजाग में संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत एक दिवसीय समीक्षा सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन और एसडीएम रामबाबू देवांगन के नेतृत्व में संपन्न हुआ।बैठक में स्वास्थ्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग शिक्षा विभाग कृषि विभाग आजीविका मिशन पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अभियान के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और सभी संकेतकों में सुधार लाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों ने विकासखंड के समग्र विकास के लिए समन्वित प्रयासों पर जोर दिया। एसडीएम रामबाबू देवांगन ने कहा कि संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत सभी विभाग मिलकर कार्य करेंगे और क्षेत्र के प्रत्येक सेक्टर में सुधार सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को व्यवहार में लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने सूचना के अधिकार कानून के महत्व को समझाते हुए बताया कि यह नागरिकों को शासन से जानकारी प्राप्त करने का सशक्त माध्यम है। इसके अलावा वाश एंड व्हील सेवा के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने सभी शासकीय संस्थाओं में नियमित स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया।स्वच्छता साथी राजेश साहू ने कहा कि उनका लक्ष्य स्कूलों में स्वच्छता को बढ़ावा देना है और वे इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं ताकि विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण मिल सके।बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने कार्यों की प्रगति प्रस्तुत की और भविष्य की कार्ययोजना पर विचार साझा किए। अंत में सभी ने मिलकर विकासखंड के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई भक्त शिरोमणि कर्मा जयंती मेधावी छात्र हुए सम्मानित

शहपुरा।




स्थानीय शिव मंदिर शक्ति चौक में नगर साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणि माता कर्मा की जयंती बड़े श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेधावी छात्रों के सम्मान का सुंदर संगम देखने को मिला।कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर में रामायण पाठ से हुआ जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से भर गया। इसके बाद माता कर्मा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें समाजजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। मंचीय कार्यक्रम में छोटे कलाकारों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी और उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कक्षा पांचवीं आठवीं दसवीं और बारहवीं में उच्च परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ पुरस्कृत किया गया। वक्ताओं ने माता कर्मा के भक्तिपूर्ण जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यशवंत साहू उपस्थित रहे। अध्यक्षता शिवदयाल साहू ने की जबकि विमला साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। मुख्य वक्ता पंडित वीरेंद्र पाठक और पुजारी पंडित नीरज ने उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान किया। आयोजन को सफल बनाने में नगर साहू समिति के पदाधिकारी और सदस्य हेतराम साहू राजकुमार साहू अमित साहू अमर साहू सुरेन्द्र साहू नीरज साहू कुनेंद्र साहू रवीश साहू ओमकार साहू कमल साहू प्रह्लाद साहू हरिओम साहू अश्विनी साहू पंकज साहू सहित समाज की माताएं बहनें बच्चे और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम के समापन पर महाभोग का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित जनसमूह को खीर और रबड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। शिव मंदिर प्रबंधन समिति और नगर साहू समाज ने सभी स्वजाति बंधुओं के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हाईवे बना झटकों का सफर निर्माण अनियमितताओं पर अदालत सख्त नोटिस जारी

डिंडोरी।



जिला डिंडोरी में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्य में तकनीकी अनियमितताओं मानक उल्लंघनों और सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दों के चलते दायर प्रकरण में लोकउपयोगी लोक अदालत ने कड़ा रुख अपनाया है। न्यायालय ने सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।प्रकरण जिला व्यापारी संघ डिंडोरी द्वारा दायर किया गया है। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता सम्यक जैन और केके सोनी ने न्यायालय को बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य स्वीकृत डीपीआर भारतीय सड़क कांग्रेस और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनिवार्य मानकों के अनुसार नहीं किया जा रहा है।अधिवक्ताओं ने कहा कि लगभग 5,315 करोड़ रुपये की लागत से संचालित कुंडम–शहपुरा शहपुरा–डिंडोरी डिंडोरी–सागर टोला–कबीर चबूतरा डिंडोरी–मंडला और समनापुर–बाजाग मार्ग खंडों में व्यापक तकनीकी कमियां पाई जा रही हैं। सड़क पुनर्निर्माण में मौजूदा सड़क को पूर्ण रूप से उखाड़ने के बजाय केवल ऊपरी बिटुमिनस परत को एक से दो इंच हटाकर औपचारिकता पूरी की जा रही है जो आईआरसी और मोर्थ मानकों का उल्लंघन है।

न्यायालय को यह भी अवगत कराया गया कि स्लैब कल्वर्ट और माइनर ब्रिज के एप्रोच हिस्सों में गंभीर डिफरेंशियल सेटलमेंट हो चुका है जिससे वाहनों के गुजरने पर उछाल पैदा हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। इसके साथ ही सड़क की ज्योमेट्रिक प्रोफाइल वर्टिकल कर्व सुपर एलिवेशन और ड्रेनेज व्यवस्था भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं जिसके कारण सामान्य गति पर यात्रियों को तेज झटके महसूस हो रहे हैं।लोकउपयोगी लोक अदालत ने मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जबलपुर तथा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डिंडोरी को नोटिस जारी कर मामले में पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।अगली सुनवाई में प्रतिवादियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता तकनीकी अनुपालन निरीक्षण व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़े बिंदुओं पर विस्तृत जवाब अपेक्षित है। लोक अदालत के इस हस्तक्षेप से जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की गुणवत्ता पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होने की उम्मीद जताई जा रही है।




## नरवाई प्रबंधन पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**डिण्डौरी ।** कृषि अभियांत्रिकी विभाग डिण्डौरी द्वारा चयनित यंत्र दूत ग्राम चंद्रागढ़ विकासखंड अमरपुर में नरवाई प्रबंधन विषय पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों और तकनीकों के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम के दौरान उपयंत्री सुश्री पूनम कोराम ने किसानों को कृषि यंत्रीकरण के महत्व की जानकारी देते हुए विभिन्न कृषि यंत्रों के उपयोग और शासकीय योजनाओं के अंतर्गत आवेदन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नरवाई प्रबंधन में उपयोग होने वाले आधुनिक यंत्रों जैसे सुपर सीडर हैप्पी सीडर स्ट्रॉ रीपर बेलर स्मार्ट सीडर और किसान ड्रोन के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से इन यंत्रों की उपलब्धता और उपयोग की प्रक्रिया भी समझाई।

प्रशिक्षण के दौरान किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान जैसे वायु प्रदूषण मृदा की उर्वरता में कमी और सूक्ष्मजीवों के नष्ट होने के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही यांत्रिक विधियों से नरवाई प्रबंधन के लाभों पर प्रकाश डाला गया जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ मिट्टी की गुणवत्ता भी बनी रहती है।कार्यक्रम में कृषि विकास अधिकारी श्री मूलचंद बच्छेल ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए मृदा परीक्षण के महत्व को बताया। उन्होंने किसानों को समझाया कि मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का संतुलित उपयोग कर उत्पादन बढ़ाया जा सकता है और लागत कम की जा सकती है।कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को नरवाई प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया गया और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। अंत में कृषि अभियांत्रिकी विभाग डिण्डौरी ने किसानों से नरवाई नहीं जलाने की अपील की।

## मीसा बंदी की पुकार न्याय के लिए कलेक्टर दरबार पहुंचे जयनारायण साहू

**डिण्डौरी।** शहपुरा नगर के वरिष्ठ मीसा बंदी लोकतंत्र सेनानी जयनारायण साहू अपनी समस्या लेकर कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के समक्ष पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। कलेक्ट्रेट में उन्होंने भावुक होकर अपनी पीड़ा व्यक्त की और लंबे समय से प्रताड़ना झेलने की बात कही।साहू ने बताया कि उमरिया रोड स्थित खसरा नंबर 132 बटा 2 में उनकी निजी भूमि है जहां कथित रूप से भाजपा मंडल द्वारा अवैध रूप से टपरा रखकर कब्जा किया जा रहा है। विरोध करने पर गाली गलौज और विवाद की स्थिति बन रही है। उनका कहना है कि पहले भी शिकायत दी गई लेकिन




कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई उन्होंने यह भी बताया कि संबंधित भूमि अलग दिशा में स्थित होने के बावजूद सीमांकन नहीं होने से विवाद बढ़ता जा रहा है। कई बार सीमांकन की मांग करने के बाद भी इसे टालने का आरोप लगाया गया है।अपनी बात रखते समय जयनारायण साहू भावुक हो गए और उन्होंने शासन से प्राप्त ताम्रपत्र कलेक्टर के सामने वापस कर दिया। उन्होंने कहा कि जब सम्मान नहीं मिल रहा तो इस सम्मान का कोई महत्व नहीं है।कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने ताम्रपत्र वापस सौंपते हुए संवेदनशीलता दिखाई और उन्हें पानी पिलाया।जयनारायण साहू ने चेतावनी दी है कि यदि दस दिन के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे भोपाल में मुख्यमंत्री निवास के सामने आमरण अनशन करेंगे। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है और लोग प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं।

## शारदा टेकरी पहाड़ी पर निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण गुणवत्ता पर जोर


डिंडौरी।



कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने शारदा टेकरी पहाड़ी पर पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर में बन रहे शेल्टर प्रतीक्षालय सीढ़ियां बैठक व्यवस्था पेयजल सुविधा रेलिंग और बाउंड्री वॉल के कार्यों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए गए। साथ ही परिसर में साफ सफाई बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य तय मानकों का पालन करते हुए समय सीमा में पूरे किए जाएं ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।पर्यटन विभाग के एसडीओ ने जानकारी दी कि लगभग दो माह में सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे। कलेक्टर ने परिसर में साफ सफाई और आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र कराने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी नायब तहसीलदार शंशाक शेण्डे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में आये 110 आवेदन



**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 110 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

### न्यास मंडल की बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज प्रतिष्ठान की न्यास मंडल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, सांसद व विधायक के प्रतिनिधि और अधिकारीगण मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने कार्ययोजना वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में डीएमएफ फंड से स्वीकृत कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए पूर्व स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। वर्ष 2025- 26 की कार्ययोजना के लिए नवीन कार्य स्वीकृत किए जाने के लिए प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा की गई। प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह के द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के बारे में चर्चा की गई। पूर्व में गाडरवारा नगर पालिका में पाईपलाईन का कार्य स्वीकृत है। ऐस में कार्य की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ईई पीएचई एवं नगरपालिका के अधिकारी द्वारा प्रस्तुत सूची का पुनरू परीक्षण प्रस्तुत करेंगे, जिससे नए कार्य स्वीकृत किए जा सकें। विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद दिनेश दुबे ने बताया कि गोटेगांव अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के कार्य पूर्व से स्वीकृत हैं। साथ ही रानी अवंती बाई हाई स्कूल गोटेगांव में बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य अन्य मद्दो से पूर्ण कर लिए गए हैं। अन्य कार्य ग्राम बगासपुर में स्टेडियम, ग्राम चांदनखेड़ा के हाय सेकेंडरी स्कूल में टीन शेड, ग्राम पोनिया-डुंगरिया में शासकीय प्राथमिक शाला में बाउंड्रीबॉल निर्माण व अन्य कार्यों की सूची बैठक में दी गई। इस पर कलेक्टर ने अवगत कराया कि बगासपुर स्टेडियम मैदान अच्छी अवस्था में है। इसके अतिरिक्त अन्य निर्माण कार्य कराए जाने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे।

### कृषि विज्ञान मेला आज

**नरसिंहपुर।** कृषकों की आय में वृद्धि करने, उन्नत तकनीकों के प्रचार-प्रसार और नवाचार आधारित खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला (आत्मा योजना तथा मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन के साथ दिव्यांगजनो एवं वृद्धजनो को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण, राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान अंतर्गत निर्वाचित महिला जन-प्रतिनिधियो का एक दिवसीय जिला स्तरीय सम्मेलन, विकसित भारत रोजगार और अजीविका मिशन (ग्रामीण) विकास खंड नरसिंहपुर जल गंगा संवर्धन अभियान एवं संकल्प से समाधान कार्यशाला) का आयोजन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। यह कार्यक्रम बुधवार 18 मार्च को प्रात 11 बजे से कृषि उपज मंडी परिसर नरसिंहपुर में आयोजित होगा।

### सृष्टि खंडेलवाल के निधन पर शोक व्यक्त



**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशअध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सुपुत्री सृष्टि खंडेलवाल के निधन पर अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष जीवेश चौरसिया संतोष चौरसिया राकेश चौरसिया सहित बड़ी संख्या में महासभा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### धनीराम साहू का निधन

**गोटेगांव।** नगर के बजरंग वार्ड निवासी प्रतिष्ठित नागरिक धनीराम साहू का अस्वस्थता के चलते उपचार के दौरान निधन हो गया। वे हरलाल साहू के सुपुत्र एवं सचिन साहू के पूज्य पिता थे। साथ ही प्रेम साहू के भाई एवं हरीश, गोविंद, संजू, बाबू व घनश्याम साहू के चाचा थे।उनके निधन का समाचार मिलते ही परिवार एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई।

अधिकारी की लापरवाही का दंश झेली रही जनता

# मंत्री के गृह जिले में बेपटरी परिवहन विभाग

### दलाली का केन्द्र बना परिवहन विभाग बिना दलाली के स्वाति की बूंद की तरह है कार्य

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



हरिभूमि

बिना दलाली के नहीं हो रहा कोई भी काम

परिवहन विभाग में पप्पू पवारफुल




जिले के प्रत्येक गांव में परिवहन विभाग के कारनामे लोगों को पता है। परिवहन विभाग से संबंधित कोई कार्य होता है तो लोग पूछते है कि किस दलाल से काम करवा रहे हो और दलाल कितने पैसे ले रहा है। साहब का कितना कमीशन है दलाल कितने रुपए बचा रहा है ऐसी चर्चा कार्य कराने के पूर्व लोगों द्वारा कर ली जाती है। दलाल भी उतना ही प्रसिद्ध होता है जितना वह कम कमीशन लेता है और लोग उसके पास जाते है। आखिर परिवहन विभाग की यह व्यवस्था कब सुधरेगी। लोग आस लगाए बैठे है कि कोई अच्छा अधिकारी आएगा और उन्हे शासन के अनुरूप व्यवस्थाएं मिलेगी लेकिन यह बात स्वाति की बूंद की तरह सिद्ध हो रही है।

### सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रहे अधिकारी

सरकार द्वारा लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान कराने के लिए अनेकों योजनाएं संचालित कर रही ही लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने पर तुले हुए है। ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय स्थित परिवहन विभाग से सामने आया जहां पर अधिकारी से ज्यादा चेला पावरफुल बना हुआ है। वैसे तो परिवहन विभाग लंबे समय से बदनाम चला आ रहा है। कि बिना दलालों के कोई कार्य नही होते है। यह बात पूरी तरह सत्य भी साबित हो रही है। परविहन कार्यालय पर जाकर आप देख सकते है कि यहां पर दलालों द्वारा प्रत्येक कार्य की लिस्ट बना रखी काम कोई भी हो आपको दलाल की मदद लेनी पड़ेगी और दलाल की लिस्ट में अधिकारी का भी कमीशन होता है। बताया गया कि परिवहन अधिकारी के साथ पप्पू नाम का व्यक्ति है जो साहब की सेवा मे समर्पित है। साहब के पूर्व दलालों को भी कार्य का अप्रवल पप्पू नाम के व्यक्ति से लेना पड़ता है। वही दूसरा साथी भी साहब का करीबी बताया गया। साहब की पास पहुंचने वाली राशि अपने पास रखता है और सारा हिसाब किताब साहब को देता है।

### लाखों के राजस्व की हो रही हानि

परिवहन अधिकारी की उदासीनता के चलते शासन को लाखों रूपये के राजस्व की हानि सहन करनी पड़ रही है। जिस ओर ना तो जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और ना ही सरकार के मंत्रियों द्वारा नजर डाली जार है। सूचना के अधिकार के तहत परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते बर्ष में जिले मे 122 टेक्टर ट्राली विनिर्माण इकाईयां थी जिसमें वर्ष लगभग हजारों की संख्या में ट्राली निर्माण की जाती है। लेकिन परिवहन विभाग में गिनी चुनी ट्रालियों का पंजीयन कराया जाता है। ऐसे मे परिवहन अधिकारी की उदासीनता के चलते शासन को लाखों रूपए का राजस्व की हानि हो रही है। लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि परिवहन अधिकारी खुद मलाई खाने मे व्यस्त है शासन के राजस्व की उनको फिक्र ही नही है। प्रशासन को चाहिए की परिवहन विभाग की विस्तार से समीक्षा कर जांच पड़ताल की जाए जिससे सरकार को होने वाली राजस्व की क्षति को रोका जा सके।

### कलेक्टर से हुई शिकायत

नगर के जागरूक नागरिक द्वारा ट्रेक्टर ट्राली का निमार्ण तथा पंजीयन को लेकर कलेक्टर से शिकायत की गई। इसके पूर्व में भी उक्त संबंध मे शिकायत की गई थी परन्तु जिम्मेदार अधिकारी द्वारा कोई ध्यान नही दिया गया। जिले मे हजारों की संख्या मे ट्राली निर्माण की जाती है जो बिना पंजीयन के विक्रय कर दी जाती है। जिससे सरकार को राजस्व की हानि होती है। वही कलेक्टर द्वारा कार्रवाई हेतु शिकायती आवेदन को परिवहन विभाग के लिए भेज दिया गया है अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है। परिवहन विभाग का किसी भी जिले के लिए सरकारी स्वामित्व वाला विभाग का अहम हिस्सा होता है। ड्राइविंग लाइसेंस जारी करना, वाहन पंजीकरण, दस्तावेज, फिटनेस दस्तावेज और टैक्स से जुड़े कई काम समान रूप से प्रभावित होते हैं। आम तौर पर इन सेवाओं के लिए सरकार ने ऑनलाइन व्यवस्था की और निर्धारित फीस तय कर रैक की व्यवस्था की ताकि लोगों को सीधे और स्थिर तरीके से सुविधा मिल सके।

## जिला स्तरीय समीक्षा एवं समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विशेष जिला स्तरीय समीक्षा एवं समन्वय समिति- डीएलसीसी की बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अग्रणी जिला प्रबंधक, संबंधित विभागों के अधिकारी और जिला समन्वयक- बैंकर्स मौजूद थे। कलेक्टर ने जिले में संचालित शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, आजीविका मिशन एसएचजी, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, जनजातीय विभाग, अंत्यावसायी विभाग, उद्यानिकी विभाग, आरसेटी सहित अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने आयोजित बैठक में जिन योजनाओं में लक्ष्य पूरा कर लिया गया है, उसके लिए संबंधित विभाग के और बैंक अधिकारियों को बधाई दी। जिन योजनाओं में लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हुई है, उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों से योजनानुसार लक्ष्य प्राप्ति में आ रही समस्याओं पर चर्चा की। विभागीय योजना अधिकारी से बैंक में आ रही समस्याओं के संबंध में सम्पर्क करने एवं उसे निराकरण करने कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का आगमन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल बुधवार 18 मार्च को कृषि उपज मंडी में आयोजित जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सहित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मंगलवार 17 मार्च को रात्रि 8.30 बजे सर्किट हाउस नरसिंहपुर आएंगे और यहां रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन बुधवार 18 मार्च को प्रात 9.50 बजे सर्किट हाउस से प्रस्थान कर प्रात 10.20 बजे करेली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत देवाकछार आएंगे और यहां नल-जल योजना का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात प्रात 11 बजे ग्राम पंचायत देवाकछार से प्रस्थान कर प्रातरू 11.25 बजे ग्राम पंचायत कपूरी में आपका आगमन होगा। आप यहां 127.04 लाख रुपये की लागत से खेड़ा नदी पर पुल निर्माण का भूमिपूजन करेंगे।

## भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती पर साहू समाज का शक्ति प्रदर्शन, भव्य चल समारोह और भंडारा संपन्न

गोटेगांव।




गोटेगांव के स्टेडियम ग्राउंड में साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस भव्य आयोजन में समाज की एकता और संगठन शक्ति का प्रभावी प्रदर्शन देखने को मिला।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडला सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते एवं क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश द्वारा मां कर्मा देवी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भगवानदास साहू एवं ग्रामीण अध्यक्ष त्रिभुवन साहू ने अतिथियों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया।नगर में गूंजे जयकारे, शोभायात्रा ने मोहा मनजयंती के अवसर पर स्टेडियम ग्राउंड से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः आयोजन स्थल पहुंची। चल समारोह में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत राधा-कृष्ण नृत्य एवं आकर्षक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन का संकल्पमंचीय कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम साहू (इमालिया वालों) ने की। जिला अध्यक्ष भगवानदास साहू ने अपने संबोधन में मां कर्मा देवी के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए दहेज प्रथा, मृत्यु भोज एवं विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का आह्वान किया। साथ ही पेट्रोल पंप चौराहे का नामकरण 'मां कर्मा देवी' के नाम पर करने की मांग भी रखी।सम्मान समारोह और चौराहे के नामकरण की घोषणाकार्यक्रम में समाज के भामाशाह हेतराम साहू का विशेष सम्मान किया गया। वर्ष 2026 की आयोजन समिति के अध्यक्ष घनश्याम साहू, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, सचिव आशीष साहू एवं कोषाध्यक्ष पंचम साहू को भी सम्मानित किया गया।इसी क्रम में पत्रकारों का भी सम्मान किया गया।सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे एवं इंजीनियर सरदार सिंह पटेल ने समाज की एकता की सराहना की। सरदार सिंह पटेल ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए पेट्रोल पंप चौराहे को 'मां कर्मा देवी चौराहा' नाम देने की सार्वजनिक घोषणा की।कार्यक्रम में पंडित संतोष दुबे, जितेंद्र चौबे, निधान सिंह पटेल, शक्तिसिंह राजपूत, आर.के. साहू (नरसिंहपुर), संतोष साहू (छिंदवाड़ा) सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।मंच संचालन कुमारी भाग्यश्री साहू एवं शिव शंकर साहू ने किया, जबकि अंत में आशीष साहू ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन विशाल भंडारे के साथ हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# कल से नव संवत्सर नव वर्षारम्भ

तेंदूखेड़ा

हिन्दु नव वर्ष का शुभारंभ सनातन परंपरा के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से होता है।तेरह चान्द्र मासों से युक्त इस नववर्ष का आरंभ कल 19 मार्च से होगा और वर्ष की समाप्ति 6 अप्रैल 2027 को होगी। नूतन बर्षारम्भ पर सभी सनातनी परंपरा बालों को घर में साज सज्जा करके तोरन बंदनवार ध्वजा पताका आदि से अलंकृत कर द्वार पर चौक बनाकर कलश दीपक आदि के साथ आनंद पूर्वक महोत्सव के रूप में नव वर्ष का स्वागत करना चाहिए। पंचांग फल का श्रवण करना चाहिए।रौद्र नाम का यह संवत्सर तेज और उग्र स्वभाव की प्रकृति से युक्त होने से शासन प्रशासन की निष्ठुरता उत्पादन में कमी मध्यम वर्षा आंतरिक कलह की स्थिति निर्मित करता है। हमारे क्षेत्रीय विद्वान पौरोहित्य कर्मकाण्ड स्नातक आचार्य चतुष्टय वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरण एवं ज्योतिषाचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि सौरमंडल में इस संवत्सर के मंत्रिमंडल के प्रमुख 10 अधिकारों में से आठ अधिकार शुभ ग्रहों को प्राप्त हैं। इस संवत्सर के राजा का पद देवगुरु बृहस्पति एवं प्रधानमंत्री का पद मंगल को प्राप्त हुआ है। गुरु के राजा होने से सर्वत्र मंगल, यज्ञादि सत्कर्मों की अधिकता, धार्मिक कार्यों के प्रति श्रद्धा, गौ ब्राह्मणों के लिए कल्याण प्रद होता है। मंगल के मंत्री होने से सर्वत्र लाभ और सुख की वृद्धि होती है।सस्येश अनाज फसल कृषि विभाग शुक्र के अधिकार में होने से गेहूं धान गन्ना फल फूल का उत्पादन उत्तम रहने के योग बनेंगे।चंद्रमा को इस वर्ष दुर्गेश फलेश मेघेश तीन महत्वपूर्ण विभागों का अधिकार प्राप्त है सुव्यवस्थित शासन प्रणाली नीति निपुणता नवनिर्माण रस पदार्थों का उपभोग, भोग विलासिता के संसाधनों में वृद्धि उत्तम वर्षा प्रजा की प्रसन्नता और आनंद की प्राप्ति होती है। राजा गुरु के पास वित्त विभाग धनेश और नीरसेश का अधिकार होने से व्यापारियों को लाभ, हल्दी स्वर्ण ,पीतल, पीले वस्त्र और पीले रंग की वस्तुओं के प्रति लोगों की रुचि में वृद्धि होती है रस पदार्थों के अधिपति सूर्य हैं। धान्याधिपति का अधिकार बुध को प्राप्त है।

**इस संवत्सर में तीन सोमवती अमावस्या और तीन भौमवती अमावस्या का बनेगा योग**

ज्योतिष शिरोमणी प्रमोद पचौरी ने इस वर्ष के ग्रह गोचर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष शनि मीन राशि में रहेंगे जिसके फलस्वरूप कुंभ मीन व मेष राशि वाले जातकों को शनि की साढ़ेसाती और सिंह धनु राशि वालों को शनि की अढैया दशा रहेगी। वर्षारम्भ से अगहन के महीने तक राहु कुंभ राशि में रहकर कुंभ मीन कर्क वृश्चिक वालों को अशुभफल कारक रहेंगे इसी समयावधि में केतु सिंह राशि में रहकर सिंह कन्या मकर एवं वृषभ राशि वालों को अशुभ फलदायक रहेगा। इस वर्ष बृहस्पति का मिथुन कर्क सिंह तीन राशियों में भ्रमण रहेगा।गुरु शुक्र के अस्त मलमास खरमास चातुर्मास को छोड़कर अन्य समय में सभी मांगलिक कार्य अपने मुहूर्त के अनुसार होंगे।इस वर्ष तीन सोमवती अमावस्या और तीन भौमवती अमावस्या का योग रहेगा।

## राज्य स्तरीय शिविर में आस्था लोधी ने किया प्रतिनिधित्व

तेंदूखेड़ा



राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसी योजना है जिसमें विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास किया जाता है। महाविद्यालय में कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अरुणा जैन के मार्ग निर्देशन में एनएसएस की छात्रा आस्था लोधी का राज्य स्तरीय कैंप में चयन हुआ । जिसने शासन द्वारा मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता की थीम के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के 23 वें राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर चित्रकूट में आयोजित किया गया। प्रदेश भर के विश्वविद्यालयों के अंतर्गत सभी महाविद्यालयो के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा तहसील में स्थित सर्वोदय महिला महाविद्यालय तेंदूखेड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की बीएससी की छात्रा आस्था लोधी का चयन हुआ ।सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण में जिले व नगर का नाम रोशन किया। पश्चात महाविद्यालय आने पर प्राचार्य स्टाफ एवं समस्त रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा स्वागत किया गया। छात्रा ने सभी से अपने राज्य स्तरीय शिविर के अनुभव साझा किया इसमें समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।



## काव्य पाठ कार्यक्रम सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस नगर के स्थानीय शिव धाम मंदिर गोकुल नगर गार्डन में कवि मिलन काव्य समारोह प्रेम रंग बरसे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर डॉ. गनेश कुमार सोनी ने किया, जबकि अध्यक्षता वीरेंद्र खरे और सेवानिवृत्त इंजी. एस एस पटेल ने की। कवि कृष्णकांत चैबे द्वारा माँ सरस्वती की पावन वंदना से काव्य समारोह का आरम्भ हुआ। कविवर डॉ. ए.के. सोनी मौलिक, कवि सतीश तिवारी, प्रो. डॉ. गनेश कुमार सोनी ने मन में हो शांत चिंतन, घर बने प्रेम का मंदिर। दृष्टि में सृष्टि बसे, सृजन हो ऐसा मन के अंदर अपना आध्यात्मिक दृष्टिकोण रखते हुए सुंदर अभिव्यक्ति दी। कवि कुंज बिहारी यादव, हरिओम शर्मा, नरेंद्र सराठे, विश्वास जाटव, अजय चैधरी, रोहित ठाकुर, ललिता द्विवेदी, अंकित जाट, अनिल नेमा, गोविन्द गुन्जन, कृष्णकांत चैबे कवि ललित श्रीवास्तव, कीरत पटेल सिंधु ने काव्यपाठ किया। आभार प्रदर्शन वीरेंद्र खरे द्वारा किया गया।

## दीवाल लेखन कर दे रहे संदेश गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में लोगों को कर रहे जागरूक

तेंदूखेड़ा



इन दिनों राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत ग्राम टेकापार मैं बनी गौशाला में स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को गौबंश संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में जन जागरूकता लाने के लिए गौपालन के लाभों के बारे में ग्रामीणों से चर्चा कर रहे हैं। वहीं गांव में दीवार लेखन कर नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूल आधार पशुपालन है वर्तमान में इस दिशा में जागरुक होकर काम करने की आवश्यकता है।

बौद्धिक सत्र में भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की गई। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मूल रूप से कृषि एवं कृषि आधारित उद्योग तथा पशुपालन मुख्य है।हरित क्रांति एवं श्वेत क्रांति पर चर्चा की गई। स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम में शिक्षा साक्षरता पर्यावरण बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं स्वच्छता जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर दीवार लेखन का कार्य किया जा रहा है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**

रा. प्र. क्र./अ-6 वर्ष 2025-26

**सार्वजनिक उदघोषण**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नजूल शीट क्रमांक 22, नगरीय क्षेत्र का नाम कंदेली, प्लाट नंबर 10/2 रकवा 450 वर्गफुट में 225 वर्गफुट, विद्यमान अभिलेख में धारक/ धारकों के नाम/ पिता/ माता का नाम तथा पूर्ण नाम पता..- हरभजन सिंह आ. अजीत सिंह खनूजा निवासी स्टेशन गंज कंदेली उस व्यक्ति/ व्यक्तियों का नाम/पिता/ माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष मे प्रकरण विचाराधीन है - श्रीमती कृष्णा पटेल पत्नि श्रीराम पटेल निवासी ग्राम खमतरा तहसील व जिला नरसिंहपुर के पंजीकृत के अधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 06/04/2026 को प्रात:11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

इश्तेहार आज दिनांक 16/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया ।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर